## ABOUT THE BOOK

This book is a bold initiative towards compiling an anthology of poems on a particular theme. After a long wait, the idea of the book has finally been shaped as a collection of poetry that has stirred up creativity and is an expression of faith, travel and exploration. It would not be wrong to say that this anthology is a travelogue on temples, in verse. The pictures add wings to our imagination, the tales bring forth an ancient tradition of oral story-telling and poetry paints the art of narration in words. Best of efforts and inputs have gone in to include as many contributions from all over the hilly state from academicians and scholars. We hope the readers appreciate the concept.

The book is an anthology of forty poems by sixteen contributors ranging from renowned academicians with long years of teaching experience to young and bright scholars who are at the threshold of their poetic journey. All contributions are based on the tales and folklore that are region specific and have an emotional bearing on the natives.

FERNTREE
PUBLISHING
www.ferntree.in

9789385500442
Rs 295 $9.99

SHRINE SONGS ON TEMPLE TALES

FERNTREE

# SHRINE SONGS on TEMPLE TALES

***An Anthology of Verses on the Myths and Folklore of Himachal Pradesh***

*Edited by*

**Abhyudita G. Singha**



*Co-edited by*

**Shruti Sharma & Kulbhushan Sharma**

*Foreword*

**Praveen Malik & Raaja Bhasin**

FERNTREE

# Contents

*Forword- Ethoes of an Imperilled Universe* 5

*An Introduction to Climate Fiction* 13

1. Ecological Echoes in Ben Okri's 'The Famished Road': A Journey through Environmental Imagery and Themes 21
**Abdullahi, Hadiza Bello**

2. Motifs of Flowers and Snow: An Geocritcal Response to Spatiality in Mountain Poetry of the Himalayas 31
**Abhiyudita**

3. Can Genetic Engineering Harvest Human Wellbeing? A Study Of Anil Menon's *The Beast With Nine Billion Feet* 38
**Amrita**

4. Whispers of Wisdom in S. R. Harnot's "Abhi" and Murari Lal Sharma's "Fegra Blossom" 49
**Anita Kumari and Neena Gupta**

5. Nurturing Nature: Exploring Ecofeminist Discourses in Chitra Banerjee's *The Forest of Enchantments* 58
**Anju Mehra**

6. Ecosophy of the *Vana*: Dynamics of the Forests in *Ramayana* and *Panchatantra* 67
**Anusha Hegde**

7. Children's Agency and Environmental Activism: Navigating the Dynamics of the Anthropocene in Bijal Vachharajani's *A Cloud Called Bhura*: Climate Champions to the Rescue 78
**Bachan Kaur and Umed Singh Professor**

8. Navigating Ecological Inequities: A Reading of James Bradley's *Clade* 88
**Alphonsa C. A.**

9. Resolute of Eco-feminism in Anita Desai's Works: A Critical Assessment 97
**Dinesh Kumar**



10. Posthumanism: Embracing the Interconnectedness of Human, Non-human, and Technology 103
**Dinesh Kumar and Pankaj Sharma**

11. Environmental Concerns in Anita Desai's *Fire on the Mountain* 115
**Gagneet Pal Kaur**

12. Flowing Beyond Human Limits: Posthumanist Perspectives on Environmental Harmony 127
**Hemalakshmi K.**

**CHAPTER 2**

# Motifs of Flowers and Snow: An Geocritcal Response to Spatiality in Mountain Poetry of the Himalayas

*Abhiyudita*

"Be thou as chaste as ice, as pure as snow, thou shalt not escape calumny. Get thee to a nunnery, go." – Hamlet

Abhiyudita

The ecology of the Himalayas has been a subject of great interest and concern for the authors and the poets residing in the mountains amidst the green forest replete with flowering trees with a backdrop of the blue and snowy white mountain ranges. Writing on the landscape of the mountains comes as an instinct for these poets who live in the lap of these lofty snow-covered mountains that are a source of eternal inspiration and arousing creative tendencies. The mountains are psychologically a potent symbol of stability and regeneration of the flora and fauna of the forests that thrive on them and the snow that settles on the higher reaches sourcing the perennial rivers.

The idea of heaven or paradise has been associated with a valley of colourful and pretty flowers that grow on a landscape equally enamouring and often believed to be higher than the rest of the world. Human imagination of a world forlorn and much sought after where everything is sublime, is a mountain that is perched high on the human psyche as a getaway or an escape from the maddening world down below. The most dreaded hell is hot, humid, and horrid in the lower lands much below the heavenly cooler mountains.

Thomas Green, in his *The Descent from Heaven: A Study in Epic Continuity* makes the story of the descent a major element of the epic and sees descending as an intrinsic part of the ascending process. 'Paradise Lost plays continually with the paradoxical duality of low-ness – the lowness of humility and of moral degradation or despair – and with the duality of



height – of spiritual eminence of exaltation and of pride. It plays also with the paradoxes of rising and falling, the abasement that exalts and the pride that abases'. The falling–rising paradox, he continues, is a biblical commonplace, referring to the prophesies of Isa. 40:4('Every valley shall be exalted, and every mountain and hill shall be made low) (Volkova 794)

Amongst the poets of Himachal Pradesh, the Guleri brothers have written a great deal about the aesthetics of the beautiful mountains and the flowering trees found in the Himalayan Ranges. The flowers are motifs of fertility, contrary to the snow that symbolises death and halt. Piyush Guleri has mentioned about the Dhauladhars range and the flower 'Kainth' that blossoms on the Trees of Wood apple fruit or wild Pear as they are popularly known, in his poem "Dhauladhar Sundari" (Dhauladhar Beauty). Kainth is a small deciduous tree commonly seen growing along roadsides, streams, in scrub forests and wastelands, that flourishes in a well hydrated and sunny regions. The flowers bloom during the Fagun (March-April) month of the Indian Calendar which marks the beginning of the Spring season and the end of winter. Though the

21. टूटी 144
प्रो. रणजोध सिंह

22. पार्वती - एक खूबसूरत एहसास 149
राधा सिंह

23. हादसा 155
प्रो. डॉ. योगेश चन्द्र सूद

24. Karan's Elephant Ride 161
Dr. Usha Bande

25. Catwalk 167
Dr. Purnima Chauhan

26. Grandfather's Coin 171
Pankaj Darshi

27. A House Near the Waterfall 181
Abhyudita Gautam

28. Doghara 187
Sumit Raj

29. Home Coming 196
Dr. Anita Sharma

30. Kali, Sheru and Rohan 203
Sita Ram Sharma Siddharth

31. Boy with A Green Thumb 208
Nisha Sood

Editor 212
Acknowledgement 215

# A House Near the Waterfall



**Abhyudita Gautam**
**Dharamshala**

## The Cloud Burst

One early morning, Tenzin and Jiwan woke up to loud noises in Bhagsu Nag, Dharamshala. It was the month of July, and had been pouring down since night. Their parents and the elders stood on the terrace of their homes to witness something that they had never imagined. Tenzin and Jiwan followed them, standing at the top floor of their homes and saw water and more water all over roads, crossways and parking area of the market. The cars were floating like boats drifting away in a water current, snapped away from their anchors. They banged into each other like uncontrolled speeding vehicles. People were shouting, whistling and waving at those stranded on the hill right across. A cloud burst had occurred on the mountain range high above, a few minutes ago. All the TV News channels were telecasting the videos and images of this calamity and

Annexure - 08

# Horizons Unbound

## Innovations in Education for Sustainable Future

*Editors*
Dr. Rajinder Singh | Mr. Bituraj Gohain
Dr. Debolina Mukherjee | Dr. Kathryn Rai

AUTHORSPRESS

6/9/2-

Worldwide Circulation through Authorspress Global Network
**First Published in 2025**
**by**
**Authorspress**
Q-2A Hauz Khas Enclave, New Delhi-110 016 (India)
Phone: (0) 9818049852
E-mail: authorspressgroup@gmail.com
Website: www.authorspressbooks.com

**Horizons Unbound:**
**Innovations in Education for Sustainable Future**

ISBN 978-93-6095-552-6

Copyright © 2025 Editors

Concerned authors are solely responsible for their views, opinions, policies, copyright infringement, legal action, penalty or loss of any kind regarding their articles. Neither the publisher nor the editors will be responsible for any penalty or loss of any kind if claimed in future. Contributing authors have no right to demand any royalty amount for their articles.

Printed in India at Thomson Press (India) Limited

Anup 6/9/25

# Contents

*Preface* 5

1. Inclusive Schooling for Mathematics Learners with Memory Deficits: A Focus on Working Memory Deficits 11
**Abdus Safi**

2. Slow Learners: Meaning, Identification and Pedagogical Strategies 21
**Dr. Anup Kumar** and **Dr. Rakesh Kumar**

3. Green Campus and Innovative Initiatives for College Campuses 33
**Dr. Atul Thakur** and **Mrs. Reeta Devi**

4. Social Media's Power of Escalating Women's Emancipation 41
**Dr. Ayan Chakraborty, Dr. Surjyasikha Das, Anwesha Chakravorty** and **Rusha Shaw**

5. The Digital Classroom Today: Integrating Virtual Reality with Traditional Teaching Methods 56
**Dr. Chetan Chandra Das**

6. Reimagining Learning: Innovative Approaches to Inclusive Education 64
**Dr. Debolina Mukherjee**

7. Exploring the Convergence of Stem and Humanities: An Interdisciplinary Study of Industry Needs and Higher Education Responses 70
**Dhritismita Das**

8. Reimagining Education: Hybrid and Blended Learning Models in a Post-Pandemic World 82
**Gitangshu Deva Sarma**

9. Access and Equity in Higher Education: A Study on Students with Disabilities in India 93
**Kalpana Chetri** and **Dr.(Mrs). Mun Kalita**

Anup
6/9/2

CHAPTER 2

# Slow Learners: Meaning, Identification and Pedagogical Strategies

*Dr. Anup Kumar* and *Dr. Rakesh Kumar*[**]

[*] Assistant Professor (Education), Government College of Teacher Education, Dharamshala, Himachal Pradesh.

[**] Assistant Professor (Education), Dept. of Education, Himachal Pradesh University, Shimla (HP).

## Abstract

With the passage of time, school education is gradually moving towards inclusion. There are some children in the class who are unable to cope up with the normal activities of the class. They find difficult to learn at the normal pace maintained by the teacher. They learn different concepts at a relatively slow pace than normal students. Their problem is related to limited power of thinking and ability to learn. Technically, such students are termed as Slow Learners. In every classroom, there is a probability of slow learner students. They are likely to drop out from the school system, if their needs are not met or they are not treated psychologically. Early identification and diagnosis of slow learners are necessary for helping them to participate in teaching-learning process. With the joint efforts of parents and teachers, the slow learner students are capable of achieving a moderate degree of success in academic or technical fields. The pedagogical techniques used by the teacher in the classroom for normal students are not suitable for the slow learners. In the present chapter, an attempt is made to explore this area and suggest different pedagogical strategies to deal with such students.

*Keywords:* slow learners, school education, inclusion, inclusive education

## Introduction

With the passage of time, school education is gradually moving towards inclusion. There is an urgent need to understand the true meaning of inclusion. It is a process of responding to the diversity of needs of all learners through increased participation in learning.

learners. In this method every student is free to learn at his own rate. Content can be taught through the use of mobile games developed for the instructional purposes.

## Conclusion

Slow learners are exceptional children and needs special individualized attention for educational development. There major problem lies with the slow rate of learning. Neglecting or overlooking such a segment of school population may pose a serious problem for their progress in the society. As far as possible, they should be taught along with their peers with additional support and using above mentioned pedagogical strategies. Slow learners need an environment comprising of carefully designed remedial instruction, step by step teaching techniques, additional time and regular support. Frequent repetition is usually required and the content should be adapted appropriately for the learning needs of the slow learner.

### References

Chauhan, S. (2011). "Slow learners: their psychology and educational programmes." *International journal of Multidisciplinary Research*, *1*(8), 279-289.

Reddy, G. L. (1997). *Slow learners: Their psychology and instruction.* Discovery Publishing House.

Remedial Teaching for Slow Learners, Government of Puduchery, Directorate of Samagra Shiksha, Puduchery. https://schooledn.py.gov.in

Sharma, Y. (2021). *Inclusive Education Perspectives, Praxis and Prdagogy.* Pearson India Education Services Pvt. Ltd.

6/9/2-

# भारतीय संस्कृति के विविध आयाम


संपादिका :

**डॉ. सुनीता देवी**

सह-संपादक :

**डॉ. तोमीर शर्मा**



**सप्तऋषि पब्लिकेशन**

**चण्डीगढ़**

# Bhartiya Sanskriti Ke Vividh Aayam

*Edited by*
**Dr. Sunita Devi**
*Associate Professor, Department of Sanskrit*
*Panjab University, Chandigarh*

*Co-Editor*
**Dr. Tomeer Sharma**
*Assistant Professor, Department of Sanskrit*
*Panjab University, Chandigarh*

**ISBN: 978-93-48639-40-0**

Edition 2025

© Author's

Published by
**Saptrishi Publication**
Plot No. 25/6, Industrial Area, Phase-2,
Near Tribune Chowk, Chandigarh.
E-mail-: sapatrishi94@gmail.com
**Visit us at: www.saptrishipublication.com**
94638-36591, 77174-65715

*All rights reserved. No part of this book may be reproduced or transmitted in any form or by any means, electronic or mechanical, including photocopying, recording or any information storage and retrieval system, without permission in writing from the Publisher and Author.*

**Printed at Saptrishi Printers**

# भारतीय संस्कृति में नारी विमर्श


**डॉ. मनोज कुमार**

*सहायकाचार्य संस्कृत*

*राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला*

*जिला काँगड़ा हि.प्र. – 176215*



**शोध सार** -

'स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ'।[1] वेदों में नारी को 'ब्रह्मा' शब्द की संज्ञा से अभिहित किया गया है। जिस प्रकार ब्रह्मा को ज्ञान का अधिष्ठाता एवं यज्ञों में सर्वोच्च स्थान पर अभिषिक्त कर यज्ञ का सञ्चालन कर्ता माना गया है, उसी प्रकार वैदिक ऋषि की दृष्टि में नारी को भी समाज में ज्ञान-विज्ञान का आधार मान कर 'विराडियं सुप्रजा अत्यजैषीत' के रूप से व्याख्यायित किया गया है। भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सदैव ऊँचा रहा है। उसे माँ और देवी के रूप में पूजा जाता है। नारी समाज का वह अभिन्न अंग है जिसके बिना घर-परिवार-समाज यहाँ तक कि सृष्टि की भी कल्पना सम्भव नहीं है। किन्तु कदाचित् शारीरिक स्थितिवशात् उसे दयानिधि, ममतामयी, कोमलाङ्गी एवं बलिदानी जैसे विशेषणों से इंगित कर उसकी स्वाभाविक प्रवृत्ति एवं सामर्थ्य को उपेक्षित किया जाता है। ऐसे कई प्रसंग आते हैं, जहाँ नारी ने आरम्भ से ही समान रूप से पुरुष की सहचरी बनकर अपने अदम्य साहस एवं बुद्धि-विवेक का परिचय दिया है। फिर चाहे वह गान्धारी का धृष्टराष्ट्र के प्रति आजीवन आँखों पर पट्टी बान्धना, कैकेयी का देवासुर संग्राम में दशरथ को विजयी बनाना, सीता का श्रीराम के साथ वनगमन, उर्मिला का लक्ष्मण के प्रति समर्पण, मंडन मिश्र की पत्नी उभय भारती देवी का शंकराचार्य के साथ शास्त्रार्थ करना आदि ऐसे अनेक उदाहरण सुने व पढ़े जाते हैं। कवि कुलगुरु कालिदास की विदुषी पत्नी विद्योत्तमा, शकुन्तला, अनुसूया, दमयन्ती, सावित्री आदि ऐसी अनेक जगत् प्रसिद्ध नारियों का इतिहास बरबस हमें विचार करने को विवश कर देता है। गार्गी, मैत्रेयी, अनुसूया, अहिल्या, द्रौपदी, रुक्मिणी, तारा, मन्दोदरी,





कुन्ती आदि न जाने कितनी नारियाँ हो चुकी हैं, जिन पर भारतवर्ष सदियों से गर्व करता आ रहा है। अतः नारी आज से नहीं वैदिक काल से ही सम्मान की पात्र मानी गई है। वर्तमान सामाजिक व्यवस्था की जब प्राचीन भारतीय संस्कृति के साथ तुलना की जाती है तो संस्कृत वाङ्मय में नारी विमर्श सदैव समता एवं सम्मान की बात करता है। संस्कृत वाङ्मय में नारी का क्या स्थान रहा है इन सब बिन्दुओं पर यह शोधपरक लेख प्रस्तुत है।



**प्रमुख शब्द** - नारी विमर्श, वैदिक कालीन नारी, सामाजिक अवधारणा, नारी सशक्तिकरण।


**मूल आलेख** -

भारतीय संस्कृति में नारी वैदिक काल से ही अपने उदार चरित, नैतिक आदर्श, सामर्थ्य, ज्ञान, सृजन-शक्ति आदि विलक्षण गुणों के कारण आदर का प्रतीक मानी जाती है। वेदों में नारियों के शौर्य का अत्यन्त गौरवास्पद वर्णन प्राप्त होता। उन्हें इतना उच्च स्थान प्राप्त था कि उसके जैसा स्वरूप विश्व के अन्य वाङ्मय में अंश भर भी देखने को नहीं मिलता। माता को सबसे बड़ा गुरु मानकर उसका स्थान पिता से भी बढ़कर बताया गया है -

***उपाध्यात् दश आचार्यः आचार्याणां शतं पिता।***
***सहस्त्रं तु पितृन् माता गौरवेण अतिरिच्यते।।***[2]

वेदोक्त नारी न केवल आदर्श माता और विदुषी है अपितु वीरजननी, वीरांगना, सम्राज्ञी, कर्तव्यपरायण यशस्विनी सद्गृहणी भी है। सन्तान को सदाचार और ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा देने वाली प्रथम शिक्षिका है। स्वयं मर्यादाओं का पालन कर सबको सन्मार्ग बताने वाली है। जगत् में सत्य और प्रेम का प्रकाश फैलाने वाली ईश्वर सृजित वह अनुपमेय रचना है, जो अपने में विशिष्ट रंग और स्वर लेकर धरती पर जन्मी है। उसकी जैसी अन्य भावुक एवं संवेदनशील कृति इस संसार में नहीं होगी। ऋग्वैदिक काल में भारतीय नारियों की स्थिति प्रायः सभी दृष्टियों में पुरुषों के समान थी।

***समाग्री श्वशुरे भव, सम्राग्री श्वश्रवां भव।***
***ननान्दरि सम्राज्ञी भव, सम्रागी अधिदेवृषु।।***[3]

ऋग्वेद के अनुशीलन से हमें वैदिक मन्त्रों के दर्शन करने वाली अनेक

ऋषिकाओं के दर्शन होते हैं। कक्षीवान् की पत्नी घोषा का नाम इस प्रसंग में गौरवास्पद है। लोपामुद्रा, अपाला, मैत्रेयी, गार्गी आदि अनेक मन्त्रद्रष्टा ऋषिकाएँ दार्शनिक जगत् की अप्रतिम रत्न हैं। ये ब्रह्मचर्य और विद्याध्ययन हेतु स्वतन्त्र थीं। उपनिषदों में गार्गी और याज्ञवल्क्य का संवाद प्रसिद्ध है। अत एव उन सब विदुषी देवियों को तत्कालीन समाज में बहुत अधिक सम्मान प्राप्त था। शतपथ ब्राह्मण में भी इसी बात की पुष्टि करते हुए बताया गया है कि कर्तव्य निर्वाह में स्त्री-पुरुष की समान प्रधानता थी। 'बृहद्देवता' में प्राप्त ऋषिकाओं की सुदीर्घ सूची नारियों के वैदुष्य की सम्पुष्टि करती है -

***घोषा गोधा विश्ववारा अपालोपनिषन्निषत्।***
***ब्रह्मजाया जहूर्नाम अगस्त्यस्य स्वसादितिः॥***
***इन्द्राणी चेन्द्रमाता च सरमा रोमशोर्वशी।***
***लोपामुद्रा च नद्यश्च यमी नारी च शश्वती॥***
***श्रीर्लाक्षा सार्पराज्ञी वाक् श्रद्धा मेधा च दक्षिणा।***
***रात्री सूर्या च सावित्री ब्रह्मवादिन्य ईरिताः॥[4]***

शतपथ ब्राह्मण में विशेषतः 'योषा' एवं 'जाया' इन दो शब्दों का प्रयोग दृष्टिगत होता है। गृहस्थाश्रम में नारी का स्थान उतना ही महत्त्वपूर्ण कहा गया है जितना यज्ञ में वेदी को बताया गया है - योषा वै वेदिः।[5] नारी का वैदुष्य परिलक्षित करते हुए उसे सरस्वती का प्रतीक बताया गया है - योषा वै सरस्वती।[6] स्रुक् की तरह नारी को भी यज्ञीय अनुष्ठानों में सहायक स्वरूप का द्योतक बताया गया है - योषा हि स्रुक्।[7] बिना पत्नी स्वर्ग की प्राप्ति सम्भव नहीं - जायएहि स्वो रोहाव।[8] 'ऐतरेयब्राह्मण' में जाया को पति का मित्र बताया गया है - सखा ह जाया।[9] 'तैत्तिरीयसंहिता' में भी यही भाव दृष्टिगोचर होता है - पत्नी हि सर्वस्य मित्रम्।[10] 'बृहदारण्यकोपनिषद्' में उसे सृष्टि की रिक्तता पूर्ण करने वाली कहा गया है - अयमाकाशः स्त्रिया पूर्यते।[11] वैदिक सूक्तों में 'विश्पला, वध्रिमती, मुद्गलानी[12] आदि महिला योद्धाओं का वर्णन प्राप्त होता है। ऋग्वेद में नृत्य-गीत में कुशल नारियों का भी वर्णन मिलता है।[13] वहाँ उन्हें चतुष्कपर्दा[14] इस पद से भी अभिहित किया गया है, जिससे ज्ञात होता है कि वैदिक कालीन नारी धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष इन चार तत्त्वों की ज्ञाता अथवा



चतुष्कोण वेदी निर्माण के गूढ़ ज्ञान को समझने वाली थी। तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था में उन्हें भी उपनयन संस्कार, यज्ञोपवीत धारण करना और संध्या करने के अधिकार प्राप्त थे।[15] यह हमारी भारतीय संस्कृति की ही पराकाष्ठा है कि यहाँ नारी को एक नहीं अपितु दो कुलों की तारणहार माना गया है। विवाह-वेदी पर पदार्पण करते ही उसे दो कुलों का प्रतिनिधित्व प्राप्त हो जाता है। एक पितृकुल और दूसरा पति कुल। वह दोनों कुलों को जोड़ने वाली कड़ी है। विवाहोपरान्त उसका कुल, व्रत, यज्ञ, नाम, काम, रिश्ते-नाते सब बदल जाते हैं। पितृकुल में नारी पुत्री, भगिनी, ननद और बुआ है, तो पतिकुल में नारी वधू, गृहिणी, पत्नी, भार्या, जाया, दारा, जननी, माता और श्वश्रू है। वेदों में इन सभी दायित्वों के अनुरूप नारी के कर्तव्यों का सविस्तार वर्णन है। इसलिए दायित्व की महता को देखते हुए यहाँ वैदिक काल से ही नारी शिक्षा का प्रबन्ध था। उन्हें ललित कलाओं, काव्यकला, संगीत, नृत्य तथा अभिनय की सुन्दर शिक्षा दी जाती थी। इसी उदात्त शिक्षा का प्रभाव था कि पिता के घर में पुत्रियाँ अत्यधिक स्नेह व सम्मान पाती थीं। उनका शिक्षाक्षेत्र और समाज में सर्वत्र सम्मान होता था। स्मृतिकार ने नारियों को विशेष सम्मान देने की बात करते हुए कहा है -

***यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।***
***यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः॥***
***शोचन्ति जामयो यत्र विनश्यत्याशु तत् कुलम्।***
***न शोचन्ति तु यत्रैता वर्धते तद्धि सर्वदा॥[16]***

अर्थात् जिस समाज में नारियों का सम्मान होता है, उनकी पूजा होती है वह समाज सदैव प्रगतिशील रहता तथा वहाँ देवता निवास करते हैं। जहाँ उन्हें आदर-सत्कार नहीं दिया जाता वहाँ सभी यज्ञादि क्रियाएँ निष्फल होती हैं। जिस घर में पुत्री, बहन, पुत्रवधू इत्यादि स्त्रियाँ शोकाकुल नहीं होती हैं, वह घर सर्वदा उन्नतिशील रहता है तथा जिस घर में ये शोकग्रस्त व प्रताड़ित होती हैं, उस घर की हमेशा अवनति ही होती है। वैदिक युग में नारी का गृहस्थी में बड़ा महत्त्व था। दुहिता के रूप में पत्नी या माता के रूप में वह सर्वथा सम्मान-भाजक थी। वैदिक नारी पुरुष की सहधर्मिणी है, जो यज्ञादि क्रिया-कलापों को साथ मिलकर सम्पादित करती है - सहोत्रं स्म पुरा नारी समनं वाव गच्छति।[17] अर्धाङ्गिनी

पद प्राप्त होने के कारण पत्नी के बिना यज्ञ अपूर्ण माना जाता है।[18] ऋग्वेद के दशम मण्डल का 114वां सूक्त भी नारी के यज्ञ करने के जन्मसिद्ध अधिकार की पुष्टि करता है। पत्नी के बिना व्यक्ति यज्ञादि धार्मिक कृत्यों में प्रवृत्त नहीं हो सकता था। वह धार्मिक कृत्यों में अर्धभाग की अधिकारिणी थी - अर्धे ह वा एष आत्मानो यज्जाया।[19] इसलिए यज्ञ और पत्नी दोनों का घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित हो चुका था - अयज्ञियो व एष: योऽपत्नीक:।[20] इसके साथ-साथ यज्ञ में नारियों को प्रथम स्थान प्राप्त था - आ रोहन्तु जनयो योनिमग्रे।[21] गृहस्थ आश्रम में नारी की मुख्या भूमिका होने के कारण सम्पूर्ण पारिवारिक दायित्व उसी पर ही था। इसी कारण सदैव नारी के उदात्त चरित की अभिलाषा की गई है। यजुर्वेद में पत्नी के कुछ गुणों और कर्तव्यों का वर्णन है। बताया गया है कि पत्नी स्वयं तेजस्विनी हो, योग्य हो, विदुषी हो, नियमों का पालन करने वाली हो, परिवार की मर्यादाओं की रक्षा करे और परिवार को पुष्ट करे। उसका कर्त्तव्य है कि वह परिवार को नियन्त्रण में रखे, सबके भोजनादि की व्यवस्था करे, परिवार की सुरक्षा करे।[22] ऋग्वेद भी जाया को गृहरूप मानता है - जायेदस्तम्।[23] इसलिए पति-पत्नी दोनों 'दम्पती' इस शब्द को सार्थक बनाते हैं। केवल पुरुष के होने से घर, घर नहीं बनता। जब किसी सुशील, शिक्षित एवं संस्कारी नारी का मिट्टी, लकड़ी और पत्थर से बनी दीवारों के निवास में पदार्पण होता है तब वह आगार वास्तव में एक घर का स्वरूप धारण करता है। अत: गृहणी को ही वास्तव में गृह कहना सर्वथा उचित है -

*न गृहं गृहमित्याहु: गृहिणी गृहमित्युच्यते।*
*गृहं तु गृहिणीहीनं कान्तारादतिरिच्यते।।*[24]

नारी को गृह की प्रतिष्ठा कहा गया है - गृहा वै पत्न्यै प्रतिष्ठा।[25] यह पुरुष प्रधान समाज भले ही कितनी ही भौतिकी उन्नति कर ले तथापि नारी के बिना जीवन में सम्पूर्णता नहीं हो सकती। इस सन्दर्भ में महाभारत का यह कथन युक्तिपरक लगता है -

*वृक्षमूलेऽपि दयिता यस्य तिष्ठति तद् गृहम्।*
*प्रसादोऽपि तया हीन: कान्तार इति निश्चितम्।।*[26]

नारी वह शक्ति है, जो पुरुष के जीवन में प्रेरणा स्त्रोत का काम करती है। बिना



नारी की भूमिका के न तो परिवार का विकास संभव है और न ही कोई समाज एवं राष्ट्र आगे बढ़ सकता है। उसके बिना पुरुष का जीवन अधूरा है, इस सन्दर्भ में भविष्यपुराण का यह कथन द्रष्टव्य है -

*पुमानर्द्धपुमाँस्तावद् यावत् भार्या न विन्दति।*

भविष्यपुराण, सप्तम अध्याय अत: स्पष्ट है कि गृहिणी के द्वारा ही गृह का अस्तित्व है। यह कहना सर्वथा युक्ति संगत होगा कि वैदिक वाङ्मय, जिसे नारी का स्वर्णकाल कहा जाता है, इतिहास उसे दोहरा रहा है। मध्यकाल से लेकर आधुनिक काल तक जो कुछ भी विसंगतियाँ रही हैं, पुरुष वर्ग ने उन्हें स्वीकारा है। आधुनिक परिस्थितियों ने आज की नारी को अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने की शक्ति दी, जिस कारण उसने पहले की अपेक्षा अपने आप को मानसिक रूप से सुदृढ़ एवं साहसी बनाया है। अपने साथ होने वाले अनुचित अपराधों एवं अपमान का विरोध कर अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा की है। इसे 21वीं सदी की नारी की उदारता और त्याग ही कहना होगा कि उसने पुरुषों से बिना प्रतिशोध या प्रतिस्पर्धा की होड़ से समाज में स्वयं को सशक्त बनाकर पुन: प्रतिष्ठापित किया है। वह एक ऐसा दर्पण है जिसमें समाज प्रतिबिम्बित होता है। अपने पूर्व इतिहास को पीछे छोड़ते हुए सामाजिक कुरीतियों की बेड़ियाँ तोड़कर समानरूप से स्वयं को सामाजिक हित में लगाया है। जीवन के हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अब उसने यह एहसास दिलाया है कि वह किसी भी दृष्टि में पुरुष से कमतर नहीं है। नारियाँ केवल माता, पत्नी, बहन या बेटियाँ ही नहीं हैं; वे समाज की जिम्मेदार नागरिक भी हैं। आज की नारी पहले की तरह आश्रित न होकर अब अपना भाग्य आप बनाती है। इतिहास और वर्तमान भी इस बात के साक्षी हैं कि भारतीय नारियों ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के वर्चस्व को तोड़ा है और कई क्षेत्रों में तो उनसे भी अधिक प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। अवनी से अन्तरिक्ष तक ऐसा कोई क्षेत्र अछूता नहीं है, जहाँ पर नारियों ने अपनी विजय-पताका न लहरायी हो। किसी ने बहुत अच्छी बात कही है कि "नारी जब अपने ऊपर थोपी हुई बेड़ियों एवं कड़ियों को तोड़ने लगेगी, तो विश्व की कोई शक्ति उसे रोक नहीं पाएगी।" यद्यपि यहाँ तक की इस संघर्ष यात्रा में उसे काफी

समय लगा है। यह एक सुखद संकेत है, अब लोगों की मानसिकता भी बदल रही है; तथापि इस दिशा में अभी और सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। नारी सशक्तिकरण का भी यहा अर्थ है कि उनमें आत्म सम्मान, आत्म निर्भरता तथा आत्मविश्वास जागृत करना। इसके लिए वर्तमान में सबसे बड़ी आवश्यकता उनको अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग होने की है। कोई भी नारी अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जितनी अधिक जागरूक होगी, समाज में उसका उतना ही ऊँचा स्भाभिमान होगा और वह देश, समाज के विकास में उतनी ही अग्रणी भूमिका में रहेगी।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि भारतीय नारी कहीं मातृत्व के गौरव से अलङ्कृत है, तो कहीं धार्मिक अनुष्ठानों की सहधर्मिणी होने से धर्मपत्नी व अर्धाङ्गिनी है। इन्हीं सांस्कृतिक मूल्यों की धरोहर से भारतवर्ष नित्य प्रगतिपथ पर अग्रसर है।

इसलिए नारी के विविध रूपों के विषय में कहा गया है कि -

***कार्येषु दासी करणेषु मन्त्री भोज्येषु माता शयनेषु रम्भा।***
***धर्मानुकूला क्षमया धरित्री भार्या च षाड्गुण्यवतीह दुर्लभाः।।***[27]

**निष्कर्षः -**

भारतीय नारी सदैव संस्कृति की धारयित्री, वाहिका एवं संरक्षिका बनकर समाज की आधारशिला रही है। नारी, प्रकृति की पर्यायभूत, जननी तथा सिद्धिदात्री है। संहिता कालीन नारी की स्थिति का गहनालोचन करने के पश्चात् दृष्टिगत होता है कि तत्कालीन नारी को समाज में अत्यन्त उत्कृष्ट एवं सम्माननीय स्थान प्राप्त था। सांख्य दर्शन में प्रतिपादित किया गया है कि प्रकृति-पुरुष इस सृष्टि के आधार हैं। प्रकृति ही माता है और पुरुष ही पिता। पुरुष वीणा-दण्ड है तो नारी वीणा-तन्त्री है। दोनों के सामंजस्य से ही जीवन में संगीतमय झंकार निःसृत होती है। पुरुष तरु है तो नारी उसकी लता है। एक फूल है, तो दूसरी उसकी पंखुड़ी है। दोनों नदी के दो अलग-अलग किनारे हैं और जिनके बीच वैयक्तिक एवं सामाजिक विकास की धारा प्रवाहित होती है। कहा गया है कि यदि पुरुष शिव का प्रतिरूप है तो नारी शक्ति स्वरूपा है। शक्ति के बिना शिव भी शव है। अभिप्रायः स्पष्ट है कि दोनों का एकत्व ही शिवत्व



है। मनुस्मतिकार ने भी यही कहा है कि ये दोनों स्त्री-पुरुष विधाता के ही दो रूप हैं।[28] इनकी एकचित्तता ही दाम्पत्य जीवन को साकार बनाती है। दोनों का एकीकरण ही जीवन की हर समस्या से बाहर निकालने वाला है। परस्पर सामंजस्य में ही पूर्णता है और विवाह इसी सामंजस्य का एक प्रतीक है। तभी तो 'कभी नाव गाड़ी पर, कभी गाड़ी नाव पर' इस लोकोक्ति को चरितार्थ करते हुए दोनों निर्बाध जीवन यात्रा में आगे बढ़ते चले जाते हैं। वास्तव में इन दोनों को राष्ट्र की उन्नति का आधार माना गया है। पद्मपुराण में भी नारी की महता पर बल दिया गया है -

***नास्ति भार्या समं तीर्थं नास्ति भार्या समं सुखम्।***
***नास्ति भार्यां समं पुण्यं तारणाय हिताय च।***

- पद्मपुराण

महाभारत में भी स्त्री को पुरुष का श्रेष्ठतम बन्धु बताते हुए कहा गया है कि -

***अर्धभार्यासमो बन्धुः नास्ति भार्या समा गतिः।***
***नास्ति भार्या समो लोके सहायो धर्मसङ्ग्रहः।।***[29]

इसलिए नारी सम्पूर्णता का दूसरा पर्याय है। वह न केवल पुरुष को साकार कर पूर्णता प्रदान करती है, अपितु सृष्टि का प्रतिनिधित्व भी करती है। कुटुम्ब में भी स्वस्तिमय सद्भाव एवं प्रशस्त आचरण बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि नर-नारी परस्पर मधुर एवं सुखद वाणी बोलें। क्योंकि प्रसन्नचित रहना न केवल परिवार के लिए अपितु अपने स्वास्थ्य एवं विकास के लिए भी आवश्यक है।[30] मधुर वचन पारस्परिक स्नेह को सुदृढ़ बनाता है और आन्तरिक आनन्द प्रदान करता है। अतः एक-दूसरे का पूरक मानकर आपस में मधुर एवं शान्तियुक्त वाणी का प्रयोग करें - जाया पत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शन्तिवाम्।[31] इसके विपरीत कटुवचन घृणा, द्वेष, ईर्ष्या तथा असहिष्णुता को जन्म देता है। लेकिन वैदिक काल के बाद विगत पीढ़ियों में धीरे-धीरे नारी के ये समस्त आदर्श समाज में बाधक बनने लगे। मातृसत्तात्मक व्यवस्था का स्थान पितृसत्ता ने ले लिया। नारी के सम्मान में यह जो भी गिरावट दृष्टिगोचर हो रही है वह उनके प्रति विकृत मानसिकता का पर्याय है। अतः सांस्कृतिक विरासत को न भूलते हुए नारी सशक्तिकरण पर बल देना होगा। समाज में

सन्तुलित, सम्यक् तथा स्वस्थ विकास के लिए उसे पुनः सशक्त बनना-बनाना होगा। वह पुरूष की अनुचरी नहीं अपितु सहचरी है। आज का जनमानस अब भली प्रकार से जान चुका है कि नारी के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर ही नवीन पीढ़ी का भविष्य और नवीन पीढ़ी पर देश और समाज का भविष्य निर्भर करता है।

आखिर हम यह क्यों भूल जाते हैं कि नारी की उत्पत्ति तथाकथित पुरुष प्रधान समाज के अस्तित्व की पहचान है। नारी ही वह चेतना शक्ति है जो सृष्टि संरचना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वैदिक वाङ्मय नारी प्रेरणा का वह स्रोत है जो आज भी उनमें यह आत्मविश्वास उत्पन्न करवाता है कि भारतीय संस्कृति के प्रारम्भ में जब उसने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समान सहभागिता का निर्वहन किया था, तो अब भी वह आत्मविकास कर उस स्थान को प्राप्त कर सकती है। इसलिए भारतीय जनमानस में नारी सदा-सर्वदा पूज्या रही है। नारी का जैसा स्थान भारतीय संस्कृति में दिखाई पड़ता है वैसा विश्व की किसी भी सभ्यता एवं संस्कृति में विद्यमान नहीं है। पश्चिमी देशों में जहाँ नारी पत्नी बनने के बाद ही मातृपद को प्राप्त करती है, वहीं भारतीय संस्कृति में नारी को सर्वप्रथम मातृसत्ता का प्रतीक माना गया है। अत एव उसे मातृरूप में स्मरण किया जाता है -

**देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।।**[32]

अन्त में इतना कहना ही उपयुक्त होगा कि गौरवशाली एवं प्रगतिशील समाज की अवधारणा हेतु हमें नारियों का सम्मान करना होगा। उन्हें सतत शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने होंगे तभी हम एक सभ्य समाज की कल्पना को साकार कर सकते हैं।

**सन्दर्भ ग्रन्थ -**


1. ऋग् - ८/३३/१९
2. महाभारत, शान्ति पर्व-१०८.१७
3. ऋग्वेद - १०.८५.४६
4. बृहद्देवता - २.८२-८४
5. शतपथ ब्राह्मण - १.२.५.१५, १.३.३.८, १.९.२.२





6. वहीं - २.५.१.११
7. वहीं - १.३.१.९, १.४.४.४
8. वहीं - ५.२.१.१०
9. ऐ.ब्रा. - ३३.१
10. तैत्तिरीय संहिता - ६.२.९.२
11. बृहदारण्यकोपनिषद् - १.४.३
12. ऋक् संहिता - १०. १०२
13. ऋग्वेद - १.९२.४
14. ऋग्वेद - १०.११४.३ "चतुष्कपर्दा युवतिः सुपेशा घृतपतीका वयुनानि वस्ते। तस्यां सुपर्णा वृषणा विषेदतुर्यत्र देवा दधिरे भागधेयम्।।" 
15. यजुर्वेद – ८.१, सन्दर्भ. डॉ. राधा कृष्णन, धर्म और समाज, पृष्ठ -१४१
16. मनुस्मृति - ३.५६-५७
17. अथर्ववेद - २०.१२६.१०
18. तैत्ति. ब्र. - २.२.२.६
19. शत. ब्रा. - ५.२.१.१०
20. तै. ब्रा. - ३.३.३.११ (भट्ट भास्कर मिश्र टीका)
21. अथर्व. - १२/२/३१
22. यजु. १४-२२(मन्त्र -३३) यन्त्री राड् यन्त्रयसि यमनी ध्रुवासि धरित्री।
    यजु. १४-२१ (मन्त्र -३४) मूर्धासि राड् ध्रुवासि धरुणा धर्त्र्यसि धरणी।
23. ऋक् संहिता - ३.५३.४
24. पञ्चतन्त्र, लब्धप्रणांश - ५८
25. शत. ब्रा.- ३.३.१.१०
26. महाभारत - १२.१४४. १२
27. गरूड़ पुराण, पूर्व खण्ड, आचार काण्ड - ६४.६
28. द्विधा कृत्वाऽऽत्मनो देहमर्धेन पुरुषोऽभवत्।
    अर्धेन नारी तस्यां स विराजमसृजत्प्रभुः।। - मनु. १.३२
29. शान्ति पर्व - १४४.१६.१
30. विश्वदानीं सुमनसः स्याम। (मन्त्र - ८०) ऋग्. ६.५२.५
31. अथर्ववेद - ३.३०.२
32. दुर्गासप्तशती - ५.७१-७३